# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 08 मई 2021

## आज 18 से 44 वर्ष के आयु समूह के 36894 हितग्राहियों को टीके लगाए गए

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 541 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 36894 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 3004, बीपीएल के 12887, एपीएल के 21003 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।
- पूरे राज्य में कल 7 मई 2021 की स्थिति में सभी श्रेणियों में 58 लाख 33 हजार से अधिक वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं जिसमें 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 43 लाख 25 हजार से अधिक को पहली डोज और 4 लाख 73 हजार से अधिक को दूसरी डोज लगाई गई। 18 से 44 वर्ष के आयु वर्ग के हितग्राहियों को 1 मई से 7 मई 2021 तक 42 हजार 903 को टीके लगा जा चुकें है।

## राज्य को 900 से अधिक चिकित्सक इन्टर्न मिले

- राज्य के पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति आयुष विश्वविद्यालय द्वारा कल एमबी.बी.एस अंतिम वर्ष के परिणाम घोषित किए गए जिसमें 911 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।
- एम.बी.बी.एस. उत्तीर्ण विद्यार्थियों को इंटर्नशीप हेतु विभिन्न शासकीय अस्पतालों में भेजा जाएगा। कोविड महामारी के इस दौर में राज्य को अतिरिक्त मानव संसाधन प्राप्त हुए है जिससे कोविड प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

## 7 मई को प्रदेश में कोरोना जांच का नया रिकॉर्ड, एक ही दिन में करीब 62 हजार सैंपलों की जांच

- कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए प्रदेश में 7 मई को रिकॉर्ड 61 हजार 939 सैंपलों की जांच की गई है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की शुरूआत के बाद से एक दिन में यह सर्वाधिक संख्या में सैंपलों की जांच है। राज्य में लगातार दूसरे दिन सैंपल जांच के आंकड़े ने 61 हजार की संख्या पार की है। विगत 6 मई को भी 61 हजार 344 सैंपलों की जांच की गई थी। 7 मई को दुर्ग संभाग के पांच जिलों में 12 हजार 409, रायपुर संभाग के पांच जिलों में 12 हजार 452, बिलासपुर संभाग के छह जिलों में 17 हजार 968, सरगुजा संभाग के पांच जिलों में 8562 तथा बस्तर संभाग के सात जिलों में दस हजार 548 सैंपलों की जांच की गई है।

## वर्चुअल टेली ओपीडी सेवा के चौथे दिन 17 मरीजों ने चिकित्सकों से सलाह ली

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में कोरोना के इस संकट काल में लोगों को घर बैठे विशेषज्ञों के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. सेवा का लाभ चौथे दिन 17 मरीजों ने उठाया। इन लोगों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से वीडियो कॉल के जरिये अपनी समस्या बताकर विशेषज्ञों से सीधे सलाह प्राप्त की। आज मेडिसिन विभाग से डॉ डी. पी. लकड़ा, आर्थोपेडिक विभाग से डॉ. विनित जैन, रेस्पिरेटरी (श्वसन) रोग विभाग से डॉ. आर. के. पंडा, मनोरोग विभाग से डॉ. सुरभि दुबे तथा त्वचा रोग विभाग से डॉ. गरिमा शर्मा ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का समाधान किया।

- वर्चुअल ओ.पी.डी. में स्मार्टफोन व इंटरनेट के माध्यम से प्रतिदिन अवकाश दिवस को छोड़कर सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक ऑनलाइन जुड़कर अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टरों से सीधे स्वास्थ्य संबंधी परामर्श सेवा निशुल्क ले सकते हैं।

- लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09

Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

- यदि किसी व्यक्ति को इस लिंक के माध्यम में जुड़ने में कठिनाई हो रही है तो दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771- 2890073 जानकारी ली जा सकती है।

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

# कोविड-19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 12239 |
| | | कुल | 842356 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 371 |
| | | कुल* | 132480 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 11270 |
| | | कुल* | 568636 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 11641 |
| | | कुल | 701116 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 130859 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल - 223 | कोविड-19 | 107 |
| | | को-मॉर्बिडिटी के साथ | 116 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 61,914**

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 08-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE | | HOME ISOLATION | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 518 | 91598 | 20 | 12430 | 324 | 72369 | 84799 | 5252 | 23 | 1547 |
| 2 | राजनांदगांव | 393 | 52694 | 3 | 11243 | 974 | 34713 | 45956 | 6314 | 5 | 424 |
| 3 | बालोद | 414 | 23227 | 68 | 6959 | 339 | 12140 | 19099 | 3851 | 17 | 277 |
| 4 | बेमेतरा | 170 | 17955 | 1 | 3002 | 330 | 12153 | 15155 | 2624 | 7 | 176 |
| 5 | कबीरधाम | 434 | 19595 | 4 | 1977 | 540 | 12836 | 14813 | 4574 | 5 | 208 |
| 6 | रायपुर | 718 | 148834 | 39 | 26187 | 327 | 109171 | 135358 | 10695 | 49 | 2781 |
| 7 | धमतरी | 352 | 22776 | 6 | 1855 | 538 | 16007 | 17862 | 4485 | 9 | 429 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 728 | 34477 | 27 | 7217 | 767 | 21571 | 28788 | 5392 | 10 | 297 |
| 9 | महासमुंद | 409 | 26595 | 19 | 3228 | 507 | 17782 | 21010 | 5310 | 6 | 275 |
| 10 | गरियाबंद | 188 | 16614 | 2 | 3012 | 324 | 10658 | 13670 | 2785 | 2 | 159 |
| 11 | बिलासपुर | 605 | 59224 | 12 | 5380 | 666 | 44828 | 50208 | 8069 | 22 | 947 |
| 12 | रायगढ़ | 1086 | 51111 | 18 | 9766 | 832 | 28931 | 38697 | 11766 | 15 | 648 |
| 13 | कोरबा | 712 | 46313 | 7 | 3746 | 989 | 33387 | 37133 | 8749 | 0 | 431 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 1021 | 46922 | 18 | 6608 | 775 | 29210 | 35818 | 10565 | 9 | 539 |
| 15 | मुंगेली | 572 | 18298 | 2 | 700 | 349 | 11485 | 12185 | 6022 | 2 | 91 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 345 | 8422 | 0 | 427 | 189 | 4716 | 5143 | 3215 | 8 | 64 |
| 17 | सरगुजा | 436 | 24297 | 0 | 2773 | 444 | 16965 | 19738 | 4378 | 5 | 181 |
| 18 | कोरिया | 577 | 17423 | 0 | 1289 | 0 | 11193 | 12482 | 4839 | 0 | 102 |
| 19 | सूरजपुर | 583 | 18991 | 1 | 1558 | 415 | 13173 | 14731 | 4155 | 5 | 105 |
| 20 | बलरामपुर | 375 | 12268 | 0 | 1234 | 314 | 7871 | 9105 | 3100 | 5 | 63 |
| 21 | जशपुर | 561 | 18424 | 26 | 3158 | 417 | 10191 | 13349 | 4953 | 5 | 122 |
| 22 | बस्तर | 241 | 15444 | 0 | 3503 | 173 | 10310 | 13813 | 1505 | 2 | 126 |
| 23 | कोंडागांव | 166 | 10050 | 0 | 1407 | 196 | 6653 | 8060 | 1918 | 4 | 72 |
| 24 | दंतेवाडा | 97 | 8238 | 42 | 3563 | 28 | 4087 | 7650 | 569 | 0 | 19 |
| 25 | सुकमा | 54 | 4966 | 18 | 2651 | 15 | 2003 | 4654 | 298 | 0 | 14 |
| 26 | कांकेर | 395 | 19211 | 24 | 2558 | 491 | 11734 | 14292 | 4760 | 4 | 159 |
| 27 | नारायणपुर | 26 | 2708 | 11 | 1822 | 2 | 511 | 2333 | 370 | 2 | 5 |
| 28 | बीजापुर | 63 | 5032 | 1 | 2699 | 5 | 1988 | 4687 | 316 | 0 | 29 |
| 0 | अन्य राज्य | 0 | 649 | 2 | 528 | 0 | 0 | 528 | 30 | 2 | 91 |
| | **महायोग** | 12239 | 842356 | 371 | 132480 | 11270 | 568636 | 701116 | 130859 | 223 | 10381 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

**मीडिया प्रभारी**
**राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर**
**(COVID19)**


←—— मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं ——→
